# कृषि उपज मण्डी समिति, शिमला एवं किन्नौर, स्थित ढली शिमला–171012 के लेखाओं का अंकेक्षण व निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 01.04.2013 से 31.03.2014

## भाग–एक

### 1 प्रारम्भिक

**(क)** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 48(2) तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के ज्ञापन संख्या 1–487/99–फिन(एल0ए0) खण्ड–1–554, दिनांक 20.01.2000 के दृष्टिगत कृषि उपज मण्डी समिति, शिमला एवं किन्नौर, स्थित ढली शिमला–12 के अवधि 01.04.2013 से 31.03.2014 के लेखाओं का अंकेक्षण, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा पूर्वांकेक्षण के आधार पर किया गया।

**लेखा परीक्षा अवधि के दौरान मण्डी समिति में निम्नलिखित पदाधिकारी कार्यरत रहेः–**

| क्र0 सं0 | पदाधिकारी का नाम व पदनाम | अवधि |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | जिलाधीश, शिमला | 01.04.2013 से 08.07.2013 |
| | श्री महिन्द्र स्तान | 09.07.2013 से 31.03.2014 |
| सचिव | श्री अनिल चौहान | 01.04.2013 से 09.12.2013 |
| | श्री बी0 आर0 गर्ग | 13.12.2013 से 31.03.2014 |

### (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार

कृषि उपज मण्डी समिति, शिमला एवं किन्नौर, स्थित ढली शिमला–12 के अवधि 01.04.13 से 31.03.14 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है।

| क्र0 सं0 | विवरण | पैरा संख्या | रूपये (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अग्रिम का समायोजन न करना | 6 | 11.47 |
| 2 | दुकानों के किराए के रूप में राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 7 | 36.43 |
| 3 | लाईसैन्सधारियों द्वारा व्यापार शून्य दर्शाना | 8 | विवरण पैरे में दिया गया है |
| 4 | मण्डी शुल्क की वसूली न करने के कारण मण्डी समिति को आय की हानि के अतिरिक्त अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त योग्य ब्याज के रूप में भी हानि होने के बारे में | 9 | विवरण पैरे में दिया गया है |
| 5 | लाईसैंसधारी व्यापारियों से देय मण्डी शुल्क से कम वसूली किए जाने के फलस्वरूप मण्डी समिति को सम्भावित हानि होने के बारे में | 10 | 0.81 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | विभिन्न व्यापारियों द्वारा ओ फार्म न भरने के फलस्वरूप मण्डी समिति को मण्डी शुल्क की सम्भावित हानि का होना | 11 | विवरण पैरे में दिया गया है |
| 7 | विभिन्न व्यापारियों से मण्डी शुल्क देय तिथि पर वसूलने की अपेक्षा अत्यन्त विलम्ब से वसूलने के कारण मण्डी समिति को ब्याज के रूप में लाखों रुपयों की सम्भावित हानि का होना | 12 | विवरण पैरे में दिया गया है |
| 8 | नाका चौकी शोघी, नेरीपुल कुडडु, तथा वानीपुल में गैर लाईसैंस धारी व्यापारियों से कम्पाऊंड शुल्क की कम वसूली के कारण मण्डी समिति को सम्भावित हानि का होना | 13 | 0.91 |
| 9 | कृषि उपज मण्डी समिति शिमला व किन्नौर स्थित ढली, शिमला में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या का सन्तोषजनक न पाया जाना | 14 | विवरण पैरे में दिया गया है |
| 10 | कम्पाऊंड शुल्क की वसूली करते हुए रसीद बुकों में वस्तु का नाम, प्रमात्रा व मूल्य का न दर्शाया जाना | 15 | 5.20 |
| 11 | नाकाचौकियों से प्रााप्त आय की राशि से बैंक में कम राशि का जमा करवाना | 17 | 0.37 |
| 12 | आय के अनाद्रित चैकों की राशि की वसूली न करना | 20 | 1.62 |
| 13 | रोकड वही में आय की प्रविष्टियॉ न करना | 21(क) | 2.62 |
| 14 | विभिन्न प्रकार के खर्चो हेतु बैंक से निकाली गई राशि का रोकड़ बहीं में ईन्द्राज न करना | 21(ख) | 0.35 |
| 15 | बैंक खाता संख्या 12087 व खाता संख्या 558 में क्रेडिट की गई चैकों/नकदी की गई राशि की पुष्टि न होना | 22 | 6.40 |
| 16 | बैंक द्वारा सावधि जमा पर देय व्याज से कम व्याज देने के परिणामस्वरूप मण्डी समिति को हानि का होना | 26 | 1.50 |
| 17 | सावधि जमा योजना में निवेशित की गई राशि का सावधि जमा रजिस्टर में ईन्द्राज न करना | 28 | 1917.03 |
| 18 | श्री एस आर कश्यप विपणम अधिकारी को दी गई अग्रिम का समायोजन न करने बारे | 31 | 0.39 |

**(ग) आय व व्यय के स्त्रोत के बारे में**

**(1) मण्डी समिति की आय के मुख्य स्त्रोत निम्न प्रकार से है :–**

(i) हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 44 व हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (साधारण) नियम, 2006 के नियम 35 के अन्तर्गत मण्डी समिति के लाईसैन्सधारी व्यापारियों से मण्डी शुल्क तथा धारा 75 के अन्तर्गत गैर व्यापारियों से जुर्माना शुल्क के रूप में प्राप्त आय।

(ii) हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एंव विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 40(3) के अर्न्तगत कृषि उपज से जुड़े व्यापारियों से पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त आय।

(iii) मण्डी समिति द्वारा निर्मित दुकानों, गोदामों, विश्राम गृहों तथा भवनों से किराए के रूप में प्राप्त आय तथा मण्डी समिति द्वारा स्थापित धर्मकांटे पर तुलाई शुल्क के रूप में प्राप्त आय।

(iv) मण्डी समिति द्वारा विभिन्न बैंकों में सावधि जमा योजना तथा बचत खातों में निवेश की गई राशियों पर ब्याज के रूप में प्राप्त आय।

(v) मण्डी समिति, ढली एवम फल मण्डी भटठा कुफर के मुख्य द्वार के प्रवेश पर ट्रकों व अन्य वाहनों से प्रवेश शुल्क के रूप में प्राप्त आय।

(vi) मण्डी समिति के विभिन्न फार्मों के विक्रय से प्राप्त आय।

(vii) अन्य आय।

**(2) मण्डी समिति द्वारा सामान्यतः निम्नलिखित मदों पर व्यय किया जाता हैः–**

(i) मानदेय, वेतन, मजदूरी तथा अन्य विभिन्न भत्तों पर व्यय तथा कार्यालय व्यय।

(ii) कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा यात्रा/दैनिक भत्ते आदि पर व्यय।

(iii) मण्डी समिति के वाहन के पैट्रोल व मुरम्मत इत्यादि पर व्यय।

(iv) डिपोज़िट कार्य के विरूद्ध करवाए गए विभिन्न निर्माण कार्यों व रज्जू मार्ग के निर्माण में संलिप्त व्यय।

(v) कर्मचारियों को दिए गए अग्रिमों पर व्यय।

(vi) हिमाचल प्रदेश सरकार को अंकेक्षण सुविधाऐं उपलब्ध करवाने के एवज़ में देय अंकेक्षण शुल्क से सम्बन्धित व्यय।

(vii) कर्मचारियों को प्रशिक्षण, अन्य प्रशिक्षण शिविरों व विज्ञापनों पर व्यय।

(viii) हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औधानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 49(3) के अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी समिति के अधिनियम की धारा 44 के अन्तर्गत एकत्रित मण्डी शुल्क का 25 प्रतिशत भाग हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि उपज विपणन बोर्ड को देने में सलिप्त व्यय।

(ix) कार्यालय मशीनरी व उनकी मुरम्मत इत्यादि पर व्यय।

(x) अन्य व्यय।

### (घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

कृषि उपज मण्डी समिति शिमला एवं किन्नौर स्थित ढली, शिमला–12 के गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों/अधियाचनाओं का सार भाग 3 व 4 में दिया गया है।

## भाग–दो

**2 वर्तमान अंकेक्षण**

**(क)** कृषि उपज समिति शिमला एवं किन्नौर स्थित ढली, शिमला–12 के अवधि 01.04.2013 से 31.03.2014 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण व निरीक्षण श्रीमति मीरा गौतम, अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा) तथा श्री श्रवण कुमार, लेखा परीक्षक द्वारा पूर्वांकेक्षण प्रणाली के आधार पर कृषि उपज मण्डी समिति के ढली स्थित मुख्यालय में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दर्शाए गए हैं।

**(ख) मण्डी समिति शिमला एवं किन्नौर ढली, शिमला–12 द्वारा निम्नलिखित अभिलेख अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं किये गये हैं:–**

(**i**) उप मण्डी नेरवा में वर्ष 2005–06 में आबंटित की गई दुकानों से प्राप्त प्रतिभूति राशि का रजिस्टर

(**ii**) चल एवं अचल सम्पति रजिस्टर

(**iii**) ब्याज खाता रजिस्टर

(**iv**) प्रगतिशील कार्य रजिस्टर

(**v**) मण्डी समिति की वर्ष 2013–14 की वित्तीय स्थिति

(**vi**) समस्त बैकों की माहवार बैंक समाधान विवरणिकाऐं

(**vii**) धारी व्यापारियों की मण्डी शुल्क से सम्बधित संचिकायें वर्ष 2013–14 में 620 लाईसैंस धारी व्यापारियों में से 104 लाईसैंस

(**viii**) वाहन संख्या एच0 पी0 52ए–0511 की लॉग बुक

(**ix**) व्यापारियों की संचिकांए वर्ष 2013–14 में उपसमिति कोटी, नेरवा व नारकण्डा के लाईसैंस धारी

**3 लेखा परीक्षा शुल्क**

वर्ष 2013–14 के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹15,02,298 आंका गया। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि, कृषि उपज मण्डी समिति के कार्यालय द्वारा चैक संख्या 006557 दिनांक 26.09.2014 द्वारा स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला–09 के मुख्यालय को प्रेषित की जा चुकी है।

**4 वार्षिक लेखों, वितीय स्थिति तथा सावधिक जमा योजना में निवेशित राशियों के बारे में**
**(क) वर्ष 2013–14 के वार्षिक लेखे**

मण्डी समिति कार्यालय द्वारा वर्ष 2013–14 के वार्षिक लेखे मै0 डी0 वी0 चावला एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाऊंटैंट से तैयार करवाए गए हैं तथा उक्त लेखों की सचिव, कृषि उपज मण्डी

समिति शिमला व किन्नौर द्वारा जारी प्रति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ यथा **अनुलग्नक ''ए''** पर संलग्न है। इन लेखों की अंकेक्षण द्वारा विधिवत संविक्षा के उपरान्त पाया गया कि चार्टर्ड अकाऊंटैंट द्वारा तैयार किए गए लेखों की अधिकतर मदों के आंकड़ों में कार्यालय अभिलेख के अनुसार दिनांक 31.03.2014 के शेषों में भिन्नताएं पाई गई हैं। इन लेखों को समीक्षा के उपरान्त इन्हें मण्डी समिति कार्यालय को अंकेक्षण के पत्र संख्या 105 दिनांक 29.04.2015 द्वारा जारी किया गया था, लेकिन मण्डी समिति द्वारा चार्टड अकाऊंटैंट द्वारा तैयार किए इन लेखों के आंकड़ों में भिन्नताओं के संशोधनोपरान्त वार्षिक लेखे अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। मण्डी समिति के वर्ष 2013–14 के वार्षिक लेखों पर अंकेक्षण की मदवार विविक्षा टिप्पाणियाँ इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ यथा **अनुलग्नक ''बी''** पर संलग्न है।

**(ख) मण्डी समिति की वर्ष 2013–14 की वित्तीय स्थिति**

अंकेक्षण द्वारा मण्डी समिति कार्यालय से मण्डी समिति की वर्ष 2013–14 की वित्तीय स्थिति अंकेक्षण के पत्र संख्या 77 दिनांक 29.04.2014, पत्र संख्या 107 दिनांक 06.06.2014, स्मरण पत्र संख्या 175, दिनांक 08.09.2014 व स्मरण पत्र संख्या 20 दिनॉक 16.01.2015 के अर्न्तगत अंकेक्षण को प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था, ताकि इसे सत्यापनोंपरान्त तदानुसार रिपोर्ट में समाविष्ट किया जा सके, परन्तु मण्डी समिति द्वारा वित्तीय स्थिति प्रस्तुत नहीं की गई, जिस कारण उक्त वित्तीय स्थिति अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ संलग्न नहीं की जा सकी।

**(ग) निवेश**

मण्डी समिति द्वारा दिनांक 31.03.2014 तक **परिशिष्ट ''क''** के अनुसार **₹**37,59,50,647/– विभिन्न बैंकों में सावधिक जमा योजना के अर्न्तगत निवेशित की गई है।

**5 सहायता अनुदान**

अंकेक्षण द्वारा पत्र संख्या 77, दिनांक 29.04.2014, पत्र संख्या 107 दिनांक 06.06.2014, स्मरण पत्र संख्या 175, दिनांक 08.09.2014 तथा स्मरण पत्र संख्या 20 दिनॉक 16.01.2015 के अर्न्तगत मण्डी समिति कार्यालय से सहायता अनुदान के सन्दर्भ में अपेक्षित सूचनाऐं अंकेक्षण को उपलब्ध करवाए जाने का अनुरोध किया गया था, जिसके प्रत्युत्तर में मण्डी समिति कार्यालय द्वारा उनके पत्र संख्याः ए0पी0एम0सी0/एस0एम0एल– 1–14–खण्ड–8–3182 दिनांक 18.02.2015 द्वारा यह सूचित किया है कि इस वितीय वर्ष में केन्द्रीय सहायता अनुदान प्राप्त नही हुआ है।

**6 अग्रिम ₹11,47,746 का समायोजन न करना**

**(क)** मण्डी समिति शिमला व किन्नौर स्थित ढली, शिमला–12 के अग्रिम रजिस्टर के अवलोकन पर पाया गया कि मण्डी समिति द्वारा कर्मचारियों को कार्यालय के विभिन्न उदेश्यों हेतु निम्नलिखित

अग्रिम राशियां प्रदान की गई थी, परन्तु वित्तीय वर्ष 2013–14 की समाप्ति तक इन अग्रिम राशियों का समायोजन नहीं किया गया है। अतः इन समस्त अग्रिम राशियों का समायोजन शीघ्रातिशीघ्र करवाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**असमायोजित अस्थाई अग्रिमों का दिनॉक 31.3.2014 तक का विवरणः–**

| क्र0सं0 | कर्मचारी का नाम | अग्रिम बिल सं0 | दिनांक | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री शक्त राम कश्यप | 337 | 2.02.2001 | 35000 |
| | | 57 | 4.05.2001 | 4000 |
| 2 | श्री हेम राज ठाकुर | 357 | 17.03.2009 | 1000 |
| | | 165 | 23.07.2012 | 100000 |
| 3. | श्री तेज राम कश्यप | 258 | 20.11.2010 | 100000 |
| | | 65 | 09.06.2010 | 10000 |
| 4. | प्रबन्धक निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य इलैक्ट्रॉनिक विकास निगम शिमला | 409 | 13.12.2012 | 149301 |
| | | 623 | 24.03.2014 | 10900 |
| 5. | प्रबन्धक निदेशक, हि0 प्र0 राज्य विपणन बोर्ड, खलीनी, शिमला–2 | 333 | 17.10.2013 | 728145 |
| 6. | श्री मनोहर लाल शाक्या, कनिष्ठ सहायक | 153 | 08.07.2013 | 6400 |
| 7. | श्रीमति अरूणा कौशल, कनिष्ठ सहायक | 621 | 22.03.2014 | 3000 |
| | | | **कुल योग** | **1147746** |

**(ख) मण्डी समिति के विभिन्न कर्मचारियों के नाम में असमायोजित अग्रिम राशि के विगत वर्षों के आंकड़े निम्नानुसार है :–**

| **क्र0 स0** | **वर्ष** | **कर्मचारियों के नाम असमायोजित कुल राशि** |
|---|---|---|
| 1 | 2002–03 | 11,10,768 |
| 2 | 2003–04 | 9,71,986 |
| 3 | 2004–05 | 9,04,560 |
| 4 | 2005–06 | 7,37,170 |
| 5 | 2006–07 | 7,39,670 |
| 6 | 2007–08 | 2,93,160 |
| 7 | 2008–09 | 1,31,500 |
| 8 | 2009–10 | 84,000 |
| 9. | 2010–11 | 1,94,000 |
| 10. | 2011–12 | 3,52,000 |
| 11. | 2012–13 | 4,27,801 |
| 12. | 2013–14 | 11,47,746 |

इस प्रकार उक्त विवरण से स्पष्ट है कि अग्रिम राशियों में से कुछ अग्रिम राशियां कई वर्षो से असमायोजित है। अतः समिति के प्राधिकारियों द्वारा इन के समायोजन हेतु ठोस पग उठाए जाने की आवश्यकता है, ताकि इन का समय पर समायोजन सम्भव हो सके।

## 7 दुकानों के किराए के रूप में ₹36,43,231 का वसूली हेतु शेष पाया जाना

कृषि उपज मण्डी समिति की दुकानों से सम्बन्धित किराया रजिस्टर व अन्य अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि **परिशिष्ट ''ख''** के अनुसार विभिन्न आबंटियों से दिनांक 31.03.2014 को किराए की ₹36,43,231 वसूली योग्य शेष थी। अंकेक्षण द्वारा लम्बित किराए की वसूली के सन्दर्भ में प्रकरण कृषि उपज मण्डी समिति के कार्यालय से वर्ष 2000–01 से वर्ष 2012–13 के अंकेक्षण प्रतिवेदनों में लगातार उठाया जा रहा है, किन्तु इस सन्दर्भ में कुछ विशेष सकारात्मक प्रगति नहीं हो पाई है, जबकि उपरोक्त शेष किराए की वसूली के अतिरिक्त आगामी वर्षों में भी सभी दुकानों के आबंटियो से निर्धारित शर्तों के अनुसार समय पर किराए की वसूली सुनिश्चित की जानी अपेक्षित है। अतः नियमों/अधिनियमों के विहित प्रावधानों के अन्तर्गत चूककर्त्ताओं को नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए उनके विरूद्ध उचित कार्रवाई भी की जाए, ताकि मण्डी समिति द्वारा किराये की यथा समय वसूली करने के अतिरिक्त मण्डी समिति को कथित राशियों पर प्राप्त योग्य ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय हो सके।

## 8 लाईसैन्सधारियों द्वारा व्यापार शून्य दर्शाना

**परिशिष्ट ''ग''(i)** में वर्णित व्यापारियों की नस्तियों की जाँच करने पर पाया गया कि इन व्यापारियों द्वारा उनके नाम के विरूद्ध दर्शाई गई अवधियों में व्यापार शून्य दर्शाया है, जैसा कि इन व्यापारियों से सम्बधित 'ओ' फार्म के अवलोकन से विदित होता है। इस प्रकरण में मण्डी समिति के किसी भी प्राधिकारी/कर्मचारी द्वारा इस आशय की पुष्टि नहीं की गई है कि इस अवधि में 'शून्य' दर्शाया गया व्यापार वास्तविक तथ्यों पर आधारित हैं अथवा नहीं? उक्त से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि मण्डी समिति कार्यालय द्वारा आय एकत्रीकरण हेतु किसी प्रभावशाली नियन्त्रण एवम पर्यवेक्षण के स्थान पर व्यापारियों द्वारा 'ओ' फार्म में की गई घोषणा के आधार पर ही मण्डी शुल्क वसूला जा रहा है, जोकि एक उचित प्रक्रिया नहीं है। अतः सुझाव दिया जाता है कि ऐसे प्रकरणों में नीति निर्धारित करके समय रहते वास्तविकता की पुष्टि की जानी सुनिश्चित की जाए व सम्बन्धित व्यापारियों द्वारा मण्डी शुल्क को जमा करने हेतू टाल–मटोल करने तथा नियमों/विनियमों की उल्लंघना करने की परिस्थिति में प्रावधित व्यवस्था के अनुसार दण्ड शुल्क सहित मण्डी शुल्क की वसूली करनी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से यथासमय अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इस प्रकार के

सपरीक्षा सुझाव गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में शामिल करने के उपरांत भी इन प्रकरणों में आज दिन तक कोई कारवाई/अनुपालना नहीं की गई है, जो स्वतः ही विपणन समिति के हित में नहीं है। अतः यह प्रकरण प्रबन्धक निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, शिमला, 171002 के विशेष ध्यानार्थ उचित कारवाई हेतु लाया जाता है।

**9 मण्डी शुल्क की वसूली न करने के कारण मण्डी समिति को आय की हानि के अतिरिक्त अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त योग्य ब्याज के रूप में भी हानि होने के बारे में**

मण्डी समिति की वर्ष 2013–14 की आय की जाँच करने पर पाया गया कि **परिशिष्ट ''ग'' (ii)** में दर्शाये गए मण्डी समिति के लाईसैंस धारक व्यापारियों से उनके नामों के विरूद्ध दर्शाई गई अवधियों में कोई मण्डी शुल्क वसूल नहीं किया गया है, जबकि हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 45(2) एवं हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकी उपज विपणन (साधारण) नियम 2005 के नियम 35 के अर्न्तगत सभी लाईसैंस धारकों द्वारा प्रतिदिन क्रय–विक्रय के सम्बन्ध मे ''ओ'' फार्म प्रस्तुत करना तथा 14 दिनों के भीतर ही मण्डी शुल्क अदा करना अनिवार्य है। इन प्रकरणों में मण्डी शुल्क की वसूली समय पर न किए जाने के कारण मण्डी समिति को प्राप्त योग्य आय की हानि के अतिरिक्त कथित राशि पर अप्रत्यक्ष रूप में प्राप्त योग्य ब्याज की भी हानि हुई है। पिछले वर्षों की तुलना में वर्ष 2008–09 व 2009–10 में ऐसे प्रकरणों की संख्या में कमी आई थी, परन्तु वर्ष 2010–11, 2011–12, 2012–13 व 2013–14 में ऐसे प्रकरणों की संख्या में पुनः वृद्धि हुई है। अतः इस सन्दर्भ में मण्डी शुल्क की वसूली उपरोक्त अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार की जानी सुनिश्चित की जाए, जिससे एक ओर अधिनियम में वर्णित प्रावधानों की अनुपालना हो सकेगी वहीं दूसरी ओर मण्डी समिति को समय पर मण्डी शुल्क की वसूली होने से मण्डी शुल्क की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के अतिरिक्त कथित राशि पर प्राप्त योग्य ब्याज के रूप में भी अतिरिक्त आय हो सकती है।

**10 लाईसैंसधारी व्यापारियों से देय मण्डी शुल्क से कम वसूली किए जाने के फलस्वरूप मण्डी समिति को ₹82150/– की सम्भावित हानि होने के बारे में**

मण्डी समिति के व्यापारियों की नस्तियों की जाँच करने पर पाया गया कि **परिशिष्ट ''ग''(iii)** में दर्शाए गए कुछ व्यापारियों के नामों के विरूद्ध दर्शाई गई अवधियों में देय शुल्क से कम मण्डी शुल्क वसूला गया है। इस बारे में अकेंक्षण अधियाचना संख्या 11 दिनॉक 03.01.2014 व 130 दिनॉक 05.07.2014 द्वारा मण्डी समिति कार्यालय को अवगत करवाया गया था, परन्तु मण्डी समिति कार्यालय द्वारा इस सन्दर्भ में कोई भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे प्रकरणों में मण्डी शुल्क की ₹82150/– की कम वसूली किए जाने के कारण जहॉ एक ओर मण्डी समिति को प्राप्त योग्य आय की हानि हुई है, वहीं अप्रत्यक्ष रूप से उस राशि पर प्राप्त योग्य ब्याज की भी हानि हुई

है। अतः ऐसे प्रकरणों को मण्डी समिति के उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ इस आशय के साथ लाया जाता हैं कि लाईसैंसधारी व्यापारियों से मण्डी समिति अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ही मण्डी शुल्क की वसूली करनी सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिनियम में वर्णित प्रावधानों की अनुपालना के साथ–साथ मण्डी समिति को मण्डी शुल्क की पूर्ण वसूली होने के साथ–साथ उस पर प्राप्त योग्य ब्याज के रूप में भी अतिरिक्त आय हो सके।

**11 विभिन्न व्यापारियों द्वारा ओ फार्म न भरने के फलस्वरूप मण्डी समिति को मण्डी शुल्क की सम्भावित हानि का होना**

हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (साधारण) नियम, 2006 के नियम 35 के अनुसार मण्डी समिति के सभी पंजीकृत व्यापारियों द्वारा क्रय–विक्रय के सन्दर्भ में प्रतिदिन ओ' फार्म प्रस्तुत करना तथा तदानुसार 14 दिनों के भीतर ही मण्डी शुल्क जमा करवाया जाना अपेक्षित है, किन्तु पंजीकृत व्यापारियों की नस्तियों की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार पंजीकृत व्यापारियों द्वारा विगत तेरह वर्षो में ओ' फार्म प्रस्तुत न करने की प्रतिशतता में निरन्तर बढोतरी हो रही है। वर्ष 2005–2006 व 2006–2007 व 2013–2014 में तो यह प्रतिशतता 50% से अधिक थी तथा 2011–2012, 2012–2013 में यह प्रतिशतता लगभग 50% के ही करीब है, जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि पंजीकृत लाईसैंधारी व्यापारियों द्वारा क्रय व विक्रय के सम्बन्ध में ओ' फार्म प्रस्तुत न करने के कारण जहाँ एक ओर मण्डी समिति को मण्डी शुल्क की वसूली न होने के कारण अत्याधिक आय की हानि हो रही है, वही मण्डी समिति प्रशासन भी प्रभावशाली नियन्त्रण व पर्यवेक्षण के अभाव में गम्भीर नहीं है। अतः इस सन्दर्भ में विपणन बोर्ड एवम् विपणन समिति प्राधिकारियों द्वारा विशेष ध्यान दिये जाने की नितान्त आवश्यकता है। विगत वर्षों के इस प्रकार के प्रकरणों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| क्र0 सं0 | अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि | वर्ष वार मण्डी समिति के पंजीकृत लाईसैंसधारी व्यापारियों की संख्या | ओ' फार्म प्रस्तुत न करने वाले पंजीकृत लाईसैंसधारी व्यापारियों की संख्या | ओ' फार्म प्रस्तुत न करने वाले पंजीकृत लाईसैंसधारी व्यापारियों की वर्ष वार प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2001 –2002 | 539 | 64 | 11.87% |
| 2 | 2002 –2003 | 682 | 135 | 19.79% |
| 3 | 2003 –2004 | 637 | 165 | 25.90% |
| 4 | 2004 –2005 | 716 | 262 | 36.59% |
| 5 | 2005 –2006 | 637 | 331 | 51.96% |
| 6 | 2006 –2007 | 599 | 314 | 52.42% |
| 7 | 2007–2008 | 511 | 199 | 38.94% |
| 8 | 2008 –2009 | 478 | 70 | 14.64% |
| 9 | 2009 –2010 | 504 | 41 | 8.13% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 2010 –2011 | 630 | 218 | 34.60% |
| 11 | 2011 –2012 | 623(704–81) | 285 | 45.74% |
| 12 | 2012 –2013 | 678 | 327 | 48.23% |
| 13 | 2013–2014 | 516 (620–104) | 343 | 66.47% |

### 12 विभिन्न व्यापारियों से मण्डी शुल्क देय तिथि पर वसूलने की अपेक्षा अत्यन्त विलम्ब से वसूलने के कारण मण्डी समिति को ब्याज के रूप में लाखों रुपयों की सम्भावित हानि का होना

मण्डी समिति के पंजीकृत व्यापारियों की सम्बन्धित नस्तियों की जाँच करने पर पाया गया कि मण्डी समिति द्वारा मण्डी शुल्क की वसूली नियमानुसार करने की अपेक्षा अत्यन्त विलम्ब से की जा रही है और मण्डी समिति के पंजीकृत व्यापारियों द्वारा कई –कई महीनों का मण्डी शुल्क एक साथ जमा करवाया गया है, जैसा कि **परिशिष्ट ''ग''(iv)** व **परिशिष्ट ''ग''(v)** में दिए गए विवरणों से भी स्पष्ट होता है। इन परिशिष्टों से स्वतः ही स्पष्ट होता है कि कुछ व्यापारियों से मण्डी शुल्क की वसूली 6 माह से अधिक समय के पश्चात की गई है। इस प्रकार प्रत्येक व्यापारी से लाखों रुपये कई–कई महीनों तक वसूली योग्य शेष होने के कारण मण्डी समिति को उपरोक्त राशि पर प्राप्त योग्य ब्याज के रूप में भी अप्रत्यक्ष रूप से लाखों रुपयों की अप्रत्याशित हानि हुई है, क्योंकि यदि यथा समय पर मण्डी शुल्क वसूला गया होता तो संलिप्त राशियों पर बैंक से ब्याज के रूप में मण्डी समिति को लाखों रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती थी। इस प्रकार की अनियमितताओं के प्रकरण मण्डी समिति के ध्यानार्थ वर्ष 2001–02 से 2012–13 के अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अन्तर्गत लगातार लाए जा रहे हैं, किन्तु इस सन्दर्भ में कोई सार्थक परिणाम न होने के कारण यह प्रकरण पुनः मण्डी समिति के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ इस आशय के साथ लाया जाता है कि मण्डी शुल्क की वसूली समय पर सुनिश्चित की जाए तथा विलम्ब की स्थिति में समस्त संलिप्त मामलों में यथा प्रावधानानुसार दण्ड शुल्क सहित ही मण्डी शुल्क की वसूली करनी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से यथाशीघ्र अंकेक्षण को अवगत किया जाए।

### 13 नाका चौकी शोघी, नेरीपुल कुडड्डु, तथा वानीपुल में गैर लाईसैंस धारी व्यापारियों से कम्पाऊंड शुल्क की ₹91160/– की कम वसूली के कारण मण्डी समिति को सम्भावित हानि का होना

मण्डी समिति द्वारा स्थापित नाका चौकी शोघी, नेरीपुल, कुडड्डु, तथा वानीपुल की अवधि 01.04.2013 से 31.03.2014 की आय की जाँच करने पर पाया गया कि इन नाका चौकियों में गैर लाईसैंसधारी व्यापारियों से कम्पाऊंड शुल्क की वसूली हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्योनिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियम) अधिनियम, 2005 की धारा 75 व इस सन्दर्भ में मण्डी समिति द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप न करने के परिणामस्वरूप यथा विवरण **परिशिष्ट ''घ''** के अनुसार

कम्पाऊंड शुल्क की क्रमशः ₹60911/–, ₹14472/– ₹12656/–, तथा ₹3121/– अर्थात कुल ₹91,160/– की कम वसूली के कारण मण्डी समिति को निश्चित तौर पर हानि हुई है, जिसकी भरपाई सम्बन्धित व्यापारियों अथवा उत्तरदायी कर्मचारियों से की जानी अपेक्षित है। ऐसे प्रकरण अंकेक्षण द्वारा वर्ष 2001–02 के अंकेक्षण प्रतिवेदनों से लेकर वर्ष 2012–13 के अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अर्न्तगत लगाातार मण्डी समिति के ध्यानार्थ लाए जा रहे हैं, लेकिन इस सन्दर्भ में वर्ष 2003–04, 2008–09 तथा वर्ष 2012–13 के दौरान तो कुछ सुधार तो हुआ था परन्तु वर्ष 2006–07, 2009–2010, 2010–11, 2011–12 तथा वर्ष 2013–14 में ऐसे प्रकरणों में निरन्तर वृद्धि हुई है, जिससे यह प्रतीत होता है कि मण्डी समिति कार्यालय इस प्रकार की हानि पर अंकुश लगाने तथा मण्डी समिति को हानि से रोकने हेतु गम्भीर नहीं है। अतः यह प्रकरण पुनः मण्डी समिति के उच्चधिकारियों के ध्यानार्थ उचित कार्रवाई हेतु लाया जाता है।

**विगत वर्षों में मण्डी समिति को हुई इस प्रकार हानि का ब्यौरा निम्नानुसार है :–**

| क्र0 सं0 | अवधि जिसमें कम्पाऊंड शुल्क वसूला गया | कम वसूला गया कम्पाऊंड शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | 01.04.2001 से 31.03.2002 | 10,21,801 |
| 2 | 01.04.2002 से 31.03.2003 | 1,33,618 |
| 3 | 01.04.2003 से 31.03.2004 | 3,186 |
| 4 | 01.04.2004 से 31.03.2005 | 15,680 |
| 5 | 01.04.2005 से 31.03.2006 | 21,310 |
| 6 | 01.04.2006 से 31.03.2007 | 2,65,376 |
| 7 | 01.04.2007 से 31.03.2008 | 63,278 |
| 8 | 01.04.2008 से 31.03.2009 | 2,346 |
| 9 | 01.04.2009 से 31.03.2010 | 51,706 |
| 10 | 01.04.2010 से 31.03.2011 | 53,963 |
| 11 | 01.04.2011 से 31.03.2012 | 1,23,241 |
| 12. | 01.04.2012 से 31.03.2013 | 14,141 |
| 13 | 01.04.2013 से 31.03.2014 | 91,160 |

## 14 कृषि उपज मण्डी समिति शिमला व किन्नौर स्थित ढली, शिमला में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या का सन्तोषजनक न पाया जाना

कृषि उपज मण्डी समिति शिमला का कार्यक्षेत्र प्रदेश के दो जिलों अर्थात जिला शिमला व जिला किन्नौर का है, परन्तु इस समिति से पंजीकृत कृषि उपज से जुड़े इन दो जिलों के व्यापारियों की संख्या सन्तोषजनक नहीं है, जैसा कि निम्न तालिका के अवलोकन से भी विदित होता है। इस तालिका से यह स्पष्ट हो जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति, शिमला एवं किन्नौर कार्यालय कृषि उपज से जुड़े व्यापारियों के पंजीकरण के सन्दर्भ में गम्भीर नहीं है क्योंकि यदि किसी वर्ष मण्डी समिति से पंजीकृत कृषि उपज से जुड़े व्यापारियों की संख्या में वृद्धि दर्ज हुई है, तो आगामी वर्ष में इस संख्या में कमी भी आई है, जैसे कि वर्ष 2008–09 में इस संख्या में बाकी वर्षों की तुलना में भारी कमी आई है। अंकेक्षण द्वारा यह प्रकरण मण्डी समिति के ध्यानार्थ विगत अंकेक्षण प्रतिवेदनों द्वारा भी लाया जाता रहा है। अतः इस सन्दर्भ में विपणन बोर्ड एवम् विपणन समिति प्राधिकारियों द्वारा विशेष ध्यान दिये जाने की नितान्त आवश्यकता है, ताकि इस सन्दर्भ में सार्थक प्रगति होने के फलस्वरूप मण्डी समिति की आय में बढौतरी सुनिश्चित की जा सके।

| क्र0 सं0 | अवधि | कृषि उपज से जुड़े उन व्यापारियों की संख्या जो कृषि उपज मण्डी समिति शिमला व किन्नौर से पंजीकृत हैं |
|---|---|---|
| 1 | मण्डी समिति के अस्तित्व में आने से 31.03.2001 तक | 629 |
| 2 | 01.04.2001 से 31.03.2002 | 539 |
| 3 | 01.04.2002 से 31.03.2003 | 682 |
| 4 | 01.04.2003 से 31.03.2004 | 637 |
| 5 | 01.04.2004 से 31.03.2005 | 716 |
| 6 | 01.04.2005 से 31.03.2006 | 637 |
| 7 | 01.04.2006 से 31.03.2007 | 599 |
| 8 | 01.04.2007 से 31.03.2008 | 511 |
| 9 | 01.04.2008 से 31.03.2009 | 478 |
| 10 | 01.04.2009 से 31.03.2010 | 504 |
| 11 | 01.04.2010 से 31.03.2011 | 630 |
| 12 | 01.04.2011 से 31.03.2012 | 704 |
| 13 | 01.04.2012 से 31.03.2013 | 678 |
| 14 | 01.04.2013 से 31.03.2014 | 620 |

## 15 कम्पाऊंड शुल्क की ₹5,20,649 वसूली करते हुए रसीद बुकों में वस्तु का नाम, प्रमात्रा व मूल्य का न दर्शाया जाना

नाकाचौकी शोघी, नेरीपुल व वानीपुल की वर्ष 2013–14 की आय की जाँच करने पर पाया गया कि इन नाकाचौकियों पर गैर लाईसैंसधारी व्यापारियों से यथाविवरण **परिशिष्ट ''ङ''** के अनुसार रसीद बुकों द्वारा जो कम्पाऊंड शुल्क वसूल किया गया है, उन रसीद बुकों में न तो वस्तु की प्रमात्रा

का जिक्र है और न ही वस्तु का मूल्य दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त कई प्रकरणों में तो यह भी नहीं दर्शाया गया है कि कम्पाऊंड शुल्क किस वस्तु पर लिया जा रहा है। इस प्रकार वसूले गए कम्पाऊंड शुल्क की प्रमाणिकता तथा इसकी वैद्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। अनियमितता का उपरोक्त प्रकरण मण्डी समिति के ध्यानार्थ नाकाचौकियों में तैनात कर्मचारियों को अपेक्षित दिशानिर्देश देने तथा उनके कार्यों का पर्यवेक्षण प्रभावशाली ढंग से सुनिश्चित किए जाने के उद्देशय से अंकेक्षण अधियाचना संख्या 205 दिनांक 07.10.2013 द्वारा लाया गया था, ताकि ऐसे प्रकरणों पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके। अतः सुझाव दिया जाता है कि नाकाचौकियों में कार्यरत कर्मचारियों को ऐसे प्रकरणों में पूर्ण विवरण देने हेतु दिशा निर्देशक जानी किए जाएं।

**16 विभिन्न लाईसैन्स धारी व्यापारियों से मण्डी शुल्क के चैक स्वीकार करने के परिणाम स्वरूप बैंक प्रभार के रूप में मण्डी समिति को ₹2924 की हानि का होना**

मण्डी समिति के वर्ष 2013–14 की आय से सम्बधित अभिलेख व बैंक खातों की जाँच करने पर पाया गया कि मण्डी समिति के ढली स्थित मुख्यालय, उप समिति नारकंडा, रामपुर, व ठियोग में वर्ष 2013–2014 के दौरान विभिन्न प्रकरणों में लाईसैन्स धारी व्यापारियों से मण्डी शुल्क के एवज में चैक स्वीकार किए गए, जिन्हें मण्डी समिति द्वारा सम्बधित बैंक खाते में जमा कर दिया गया, परन्तु बैंक द्वारा इन्हें क्रेडिट करते समय बैंक प्रभार के रूप में सम्बधित बैंक खातों में से ₹2864 डेबिट कर दिए गए। इस के अतिरिक्त नाकाचौकी कुडडु से बैंक द्वारा राशि मण्डी समिति मुख्यालय, ढली के बचत खाता संख्या 558 में हस्तांतरण करने के एवज में ₹60 डेबिट कर दिए गए। इन समस्त राशियों का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "च"** पर दिया गया है। इस बारे में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 185 दिनाँक 22.09.2014 द्वारा मण्डी समिति कार्यालय को भी अवगत करवाया गया था। अतः इस सन्दर्भ में हुई कुल ₹2924 की हानि की भरपाई हेतु प्रकरण सम्बधित फर्मो व बैंक से उठाते हुए काटे गए बैंक प्रभार की वसूली सम्बधित फर्मो व बैंक से सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को यथा समय अवगत करवाया जाए।

**17 नाकाचौकियों से प्राप्त आय की राशि में से ₹37320/– बैंक में कम जमा करवाना**

नाकाचौकी शोघी, नेरीपुल, कुडडु व वानीपुल की वर्ष 2013–2014 की रोकङ वही, रसीद बुकों व सम्बधित बैंक खाते की जाँच करने पर पाया गया कि इन नाकाचौकियों में प्राप्त आय की वास्तविक राशि में से ₹37,320 बैंक में कम जमा करवाई गई जिसका विवरण **परिशिष्ट "छ"** पर दिया गया है। इस बारे में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनॉक 03.01.2014 द्वारा मण्डी समिति कार्यालय को अवगत करवाया गया था। इसके अतिरिक्त इस प्रकार के कई प्रकरण अंकेक्षण द्वारा समय–समय पर जारी अंकेक्षण अधियाचनाओं व पूर्व के अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी उठाए गए थे, परन्तु

फिर भी इस प्रकार के प्रकरण प्रतिवर्ष घटित हो रहे हैं, जोकि मण्डी समिति के उच्चाधिकारियों द्वारा नाकाचौकियों में प्रभावी नियन्त्रण न किये जाने का परिचायक है। अतः उपरोक्त ₹37320/– की वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य हेतु इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति पर अंकुश लगाया जाए।

**18 मण्डी समिति की विभिन्न नाकाचौकियों की आय की रसीदों में पाई गई गम्भीर अनियमिततायें**

**(क) नाकाचौकी शोघी में ₹35374 की रसीदों को संशयपूर्ण ढंग से रद्द करना**

नाकाचौकी शोघी की वर्ष 2013–2014 की आय की जॉच करने पर पाया गया कि इस नाकाचौकी पर तैनात कर्मचारियों द्वारा सेब व सब्जियों के कम्पाउन्ड शुल्क के रूप में काटी गई रसीदों को बिना किसी कारण दर्शाए अपने ही स्तर पर रदद किया गया है। इन रदद की गई रसीदों को किसी उच्च प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं किया गया। इस प्रकार की रदद की गई रसीदों का विवरण **परिशिष्ट "ज"** पर दिया गया है। ऐसी अवस्था में रदद की गई रसीदें अपने आप में संशयपूर्ण है।

**(ख) नाकाचौकी वानीपुल व नेरीपुल में ₹13687 की छायाप्रति रसीदों में कॉट छॉट करना**

नाकाचौकी वानीपुल व नेरीपुल की वर्ष 2013–2014 की आय की जॉच करने पर पाया गया कि इन नाकाचौकियो पर तैनात कर्मचारियों द्वारा मूल रसीदों को जारी करने के उपरान्त अपने ही स्तर पर छायाप्रति रसीदों में वस्तु की प्रमात्रा व राशि में कॉट छॉट की गई है, जिस का विवरण **परिशिष्ट "झ"** पर दिया गया है। इस प्रकार छायाप्रति रसीदों में की गई कॉट छॉट अपने आप में संदेहस्पद होने के साथ–साथ इस की वैद्यता व इस से प्राप्त राशि में अनियमितता की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

उपरोक्त कम संख्या (क) तथा (ख) में दर्शाए गए प्रकरण के बारे में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 172 दिनॉक 02.09.2014 द्वारा मण्डी समिति कार्यालय को वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाए जाने के उद्देशय से उठाया गया था, परन्तु इन प्रकरणों में कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत नहीं करवाया गया। अतः इस सन्दर्भ में पूर्ण छानबीन कर वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**19 मुख्यालय ढली व उपसमिति रामपुर, ठियोग, नारकंडा द्वारा ₹2936 बैंक में कम जमा करवाया जाना**

मण्डी समिति के मुख्यालय ढली व उपसमितियों की वर्ष 2013–2014 की रसीद बुकस, रोकड वही व बैंक विवरणियों की जॉच करने पर पाया गया कि निम्न उपसमितियों पर तैनात कर्मचारियों द्वारा प्राप्त आय की वास्तविक राशि के स्थान पर कम राशि बैकों में जमा करवाई गई है, जिस की पुष्टि

सम्बन्धित बैंक खातों की बैंक विवरणियों से की जा चुकी है। कम जमा करवाई गई राशि का विवरण निमन प्रकार से हैः–

| क्र0 सं0 | विनियमित मण्डी व उपसमिति का नाम | रसीद संख्या | दिनॉक / माह | रसीद बुक के अनुसार प्राप्त की गई वास्तविक राशि | बैंक में जमा करवाई गई कुल राशि | कम जमा करवाई गई कुल राशि | सम्बन्धित रोकड वही की पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विनियमित मण्डी, ढली | 37153 से 38402, 269748 से 269755, 269759 से 269760, 83533, 83536,83837, 83539,83542, 83544 से 83547, 83551 एवम 212183 से 212184 तक | 10.03.14 | 106793 | 106458 | 335 | 162 एवम 163 |
| 02. | उपसमिति रामपुर | 406815 से 406818 तक व 406821 से 406828 तक | 16.01.14 से 17.01.14 तक | 18168 | 18068 | 100 | 56 व 57 |
| | | 406794 | 27.11.13 | 20 | शून्य | 20 | 54 |
| 03. | उपसमिति ठियोग | 406743 से 406746 तक | 10.11.13 व 16.11.13 | 21985 | 21935 | 50 | 333 |
| | | 406736 | 31.10.13 | 300 | शून्य | 300 | 333 |
| 04. | उपसमिति नारकंडा | 268385 व 269229 | 10.04.13 व 29.04.13 | 565 | 545 | 20 | 19 |
| | | 269258 | 13.05.13 | 310 | शून्य | 310 | 19 |
| | | माह जुलाई 2013 में विभिन्न रसीदों द्वारा प्राप्त कुल राशि | माह जुलाई 2013 | 778361 | 777014 | 1347 | 20 से 24 तक |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | माह अगस्त 2013 में विभिन्न रसीदों द्वारा प्राप्त कुल राशि | माह अगस्त 2013 | 4409246 | 4408792 | 454 | 24 से 28 तक |
| | | | | | **कुल योग** | **2936** | |

उक्त प्रकार के कई प्रकरण अंकेक्षण द्वारा समय–समय पर जारी अंकेक्षण अधियाचनाओं व पूर्व के अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी उठाये गये थे, परन्तु फिर भी इस प्रकार के प्रकरण प्रतिवर्ष घटित हो रहे हैं। अतः उपरोक्त उपसमितियों व मुख्यालय में तैनात कर्मचारियों द्वारा कम जमा की गई राशि की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य हेतु इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति पर अंकुश लगाया जाए।

**20 आय के अनाद्रित चैकों की ₹1,62,639/– की वसूली न करना**

मण्डी समिति की उपसमिति नारकंडा के हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक सीमित, नारकंडा के खाता संख्या 426 की बैंक विवरणी की जॉच करने पर पाया गया कि उक्त बैंक में दिनॉक 01.04.2013 से 31.03.2014 की अवधि के दौरान जो चैक अनाद्रित हुए हैं, उन में से निम्न चैकों की पुनः वसूली की पुष्टि नहीं हो सकी।

| क्र0. सं0. | फर्म का नाम | आय की प्रकृति | चैक सं0 | कार्यालय द्वारा चैक बैंक में प्रस्तुत करने की तिथि | बैंक द्वारा समाशोधन हेतु चैक प्रस्तुत करने की तिथि | बैंक द्वारा चैक अनाद्रित करने की तिथि | चैक की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मै0 एच0 बी0, नारकंडा | मण्डी शुल्क | 710473 | 17.09.13 | 7.10.13 व 09.11.13 | 7.10.13 व 09.11.13 | 134396 |
| 2 | मै0 पी0 वी0 जे0, नारकंडा | मण्डी शुल्क | 458206 | 30.09.13 | 7.10.13 व 09.11.13 | 7.10.13 व 09.11.13 | 28243 |
| | | | | | | **कुल योग** | **1,62,639** |

उपरोक्त चैकों को बैंक विवरणी के अनुसार दिनॉक 07.10.2013 को क्रेडिट किया गया दर्शाया गया है तथा अनाद्रित होने की अवस्था में दिनॉक 09.11.2013 को बैंक द्वारा क्रेडिट करके दिनॉक 09.11.2013 को ही बैंक द्वारा पुनः डेबिट भी किया गया, जैसा कि बैंक विवरणी से भी स्पष्ट होता है, परन्तु

इस संदर्भ में पुनः क्रेडिट होने की प्रविष्टी बैंक विवरणी में नहीं पाई गई है तथा उक्त दोनों चैक दिनॉक 31.03.2014 तक बैंक में क्रेडिट नहीं हुए हैं। इस प्रकार इन चैकों में दर्शाई गई राशि की वसूली सम्बन्धित फर्मो से की जानी अपेक्षित है। अतः इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्रवाई शीघ्र करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा उपरोक्त कोताही हेतु उतरदायित्व का भी निर्धारण करते हुए अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 21 मण्डी समिति के ढली स्थित मुख्यालय की रोकड वही में पाई गई गम्भीर अनियमततायेः

### (क) रोकड वही में आय की ₹2,62,392 की प्रविष्टियॉ न करना

मण्डी समिति की अवधि 1.4.2013 से 31.3.2014 की रसीद बुकस, रोकड वही व सम्बधित बैंक विवरणियों के मिलान करने पर पाया गया कि मण्डी समिति द्वारा निम्न विवरणानुसार विभिन्न तिथियों को चैक या नकदी के रूप में जो राशियाँ प्राप्त की है, उन की प्रविष्टियॉ रोकड वही में नहीं की गई हैं। यद्यपि बैंक द्वारा इन राशियों में से चैक के माध्यम से प्राप्त राशियों को विभिन्न तिथियों पर क्रेडिट किया गया दर्शाया गया है।

| क्र0 सं0 | व्यक्ति एवम फर्म का नाम जिस से आय प्राप्त हुई है | चैक संख्या/ दिनॉक | रसीद संख्या/ दिनॉक | नकद राशि | चैक की राशि | टिप्पणी, यदि कोई है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मै0 गनदीप सिंह मनदीप सिंह, सन्जौली, शिमला–06 | . | 83698 / 31.03.2014 | 110 | . | फार्म का मूल्य |
| 2 | मै0 गनदीप सिंह मनदीप सिंह, सन्जौली, शिमला–06 | . | 83699 / 31.03.2014 | 7193 | . | मण्डी शुल्क |
| 3 | मै0 खन्ना फ्रूट कम्पनी, ढली, शिमला–12 | . | 83700 / 31.03.2014 | 110 | . | लाईसैंस नवीनीकरण शुल्क |
| 4 | मै0 चौहान फ्रूट कम्पनी, बनाहल | . | 83448 / 31.03.2014 | 110 | . | .यथोपरि. |
| 5 | मै0 मोहन लाल, हुल्ली | . | 83449 / 31.03.2014 | 11 | . | .यथोपरि. |
| 6 | मै0 महादेव ट्रेडिंग कम्पनी, भेखलटी | . | 83450 / 31.03.2014 | 110 | . | .यथोपरि. |
| 7 | मै0 महादेव ट्रेडिंग कम्पनी, भेखलटी | . | 83451 / 31.03.2014 | 110 | . | .यथोपरि. |
| 8 | मै0 भागमल देवी राम मशोबरा | . | 83454 / 31.03.2014 | 5287 | . | मण्डी शुल्क |
| 9 | मै0 भागमल देवी राम मशोबरा | . | 83455 / 31.03.2014 | 110 | . | लाईसैंस नवीनीकरण शुल्क |
| 10 | मै0 ओम प्रकाश दिनेश कुमार, ढली, शिमला–12 | 878623 / 26.08.13 | 195739 / 06.08.2013 | . | 135832 | मण्डी शुल्क |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | मै0 ओम प्रकाश दिनेश कुमार, ढली, शिमला–12 | 878622 / 26.08.13 | 195740 / 06.08.2013 | . | 31962 | .यथोपरि. |
| 12 | मै0 दीपक ट्रेडिंग कम्पनी, ढली, शिमला–12 | 352492 / 26.08.13 | 195741 / 06.08.2013 | . | 41990 | .यथोपरि. |
| 13 | मै0 हरवीर सिंह, ढली, शिमला–12 | . | 195742 / 6.08.2013 | . | 1650 | किराया |
| 14 | मै0 विश्न दास तीरथ राम | . | 83872 / 31.03.14 | 400 | . | फार्म का मूल्य |
| 15 | मै0 अनिल करोल एण्ड कम्पनी, ढली,शिमला–12 | . | 83873 / 31.03.14 | 310 | | लाईसैंस शुल्क |
| 16 | मै0 सुन्दर लाल चौधरी मल | . | 83874 / 31.03.14 | 110 | . | लाईसैंस नवीनीकरण शुल्क |
| 17 | मै0 अनिल कुमार टिम्बर मर्चैन्ट, शिमला | . | 83875 / 31.03.14 | 11 | . | .यथोपरि. |
| 18 | मै0 कृष्णाएण्ड कम्पनी, टिम्बर मर्चैन्ट, शिमला | . | 83876 / 31.03.14 | 300 | . | मण्डी शुल्क |
| 19 | मै0 कृष्णा एण्ड कम्पनी, टिम्बर मर्चैन्ट, शिमला | . | 83877 / 31.03.14 | 110 | . | लाईसैंस नवीनीकरण शुल्क |
| 20 | मै0 ओम एण्ड कम्पनी, टिम्बर मर्चैन्ट, शिमला | . | 83878 / 31.03.14 | 110 | . | .यथोपरि. |
| 21 | मै0 श्रीजन भोग एण्ड कम्पनी, शिमला | . | 83879 / 31.03.14 | 110 | . | .यथोपरि. |
| 22 | मै0 हितेश कुकरेजा, शिमला | . | 83880 / 31.03.14 | 110 | . | .यथोपरि. |
| 23 | मै0 रोशन लाल एण्ड सन्स, शिमला | . | 83881 / 31.03.14 | 110 | . | .यथोपरि. |
| 24 | मै0 एन0 एफ0 सी0 सब्जी मण्डी, शिमला | . | 83882 / 31.03.14 | 21548 | . | मण्डी शुल्क |
| 25 | मै0 एन0 एफ0 सी0 सब्जी मण्डी, शिमला | . | 83883 / 31.03.14 | 110 | . | लाईसैंस नवीनीकरण शुल्क |
| 26 | मै0 एन0 एफ0 सी0 सब्जी मण्डी, शिमला | . | 83884 / 31.03.14 | 200 | . | फार्म का मूल्य |
| 27 | मै0 एन0 एफ0 सी0 सब्जी मण्डी, शिमला | . | 83885 / 31.03.14 | 200 | . | .यथोपरि. |
| 28 | श्री राम सरन भण्डारी, चौकीदार | .. | 212109 / 19.08.13 | 4240 | . | विश्राम गृह से प्राप्त आय। |
| 29 | मै0 एयर प्लाजा रेस्ट हाउस शिमला / 02 | 888989 / 20.05.13 | 210969 / 20.05.13 | . | 9630 | मण्डी शुल्क |
| | | | **कुल योग** | **41328** | **221064** | |

अतः अनियमितता से सम्बन्धित यह प्रकरण मण्डी समिति के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु लाया जाता है।

**(ख) विभिन्न प्रकार के खर्चो हेतु बैंक से निकाली गई ₹35387/– का रोकड़ बहीं में ईन्द्राज न करना**

मण्डी समिति कें वर्ष 2013–14 के व्यय से सम्बन्धित अभिलेख/रोकड वही व बैंक खातों के मिलान करने पर पाया गया कि मण्डी समिति द्वारा निम्नविवरणानुसार विभिन्न तिथियों को हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक सीमित, ढली से ₹35387 की निकासी की गई है, जिन को बैंक द्वारा विभिन्न तिथियों पर डेविट भी किया गया दर्शाया है, लेकिन इन की प्रविष्टियॉ मण्डी समिति की रोकड वही में नहीं की गई हैं।

| क0 सं0 | बिल की प्रकृति जिस के अन्र्तगत भुगतान किया गया | बिल संख्या/ दिनॉक | बैंक का नाम | चैक संख्या | बैंक खाते में राशि डेविट होने की तिथि | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाई से सम्बधित बिल | 331/ 10.10.13 | हि0 प्र0 राज्य सहकारी बैंक सीमित, ढली | 705906 | 11.10.13 | 24990 |
| 2 | मुरम्मत एवम रखरखाव बिल | 465 एवम 466/ 31.12.13 | यथोपरि | 706796 | 31.12.13 | 5170 |
| 3 | बिजली बिल | 582/ 26.02.14 | यथोपरि | रोकड वही में चैक संख्या को नहीं दर्शाया गया है | 31.03.14 तक बिल का भुगतान नहीं किया गया | 152 |
| 4 | पैट्रोल बिल | 583/ 26.03.14 | यथोपरि | 708060 | 08.03.14 | 5075 |
| | | | | | **कुल योग** | **35387** |

ऐसे ही प्रकरण वर्ष 2005–06 के अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 32, वर्ष 2006–07 के अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 30, वर्ष 2010–11 के अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 6(iii), वर्ष 2011–12 के अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 21 (ग) तथा वर्ष 2012–13 के अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 22 (ग) के अन्र्तगत मण्डी समिति के ध्यानार्थ लाए गए थे, परन्तु अंकेक्षण द्वारा बार–बार आपतियां उठाने पर भी ऐसे प्रकरणों की पुनरावृति पर अंकुश नहीं लगाया गया। अतः यह प्रकरण

पुनः मण्डी समिति के उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ नियमानुसार कार्रवाई करने के उददेशय से लाया जाता है।

**(ग) मण्डी शुल्क के रूप में प्राप्त आय की राशियों से अधिक राशियों अथवा कम राशियों का रोकड़ वही में इन्द्राज करना तथा व्यय के रूप में कम राशि का ईन्द्राज करना**

मण्डी समिति के वर्श 2013–14 के आय व व्यय से सम्बन्धित अभिलेख, रोकड वही व बैंक खातों की जॉच पर पाया गया कि विभिन्न पंजीकृत लाईसैंसधारी व्यापारियों द्वारा मण्डी शुल्क के रूप में दिए गए चैकों से सम्बन्धित राशियों व व्यय के रूप में आबंटित की गई राशियों के स्थान पर मण्डी समिति द्वारा वास्तविक राशि से अधिक राशि अथवा कम राशि का ईन्द्राज रोकड वही में किया गया हैं, जिसका विवरण इस प्रकार से हैः–

| क्र0 सं0 | व्यक्ति एवम फर्म का नाम जिस से आय प्राप्त हुई है | रसीद संख्या/ दिनॉक | चैक संख्या | रोकड वही पृश्ठ संख्या | रसीद बुक के अनुसार प्राप्त की गई वास्तविक राशि | रोकड वही में ईन्द्राज की गई राशि | रोकड वही में कम व अधिक ईन्द्राज की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आय | | | |
| 1 | मै0 जगदेव सिंह राणा, शिमला | 269177/ 23.04.13 | 154940 | 29 खण्ड–1 | 169203 | 168203 | –1000 |
| 2 | मै0 हाटेश्वरी ट्रेडिंग कम्पनी | 269858/ 28.06.13 | 299700 | 128 खण्ड–1 | 13530 | 13500 | –30 |
| 3 | मै0 निर्मला फ्रूट एजैन्सी, ढली | 269880/ 06.07.13 | 752427 | 139 खण्ड–1 | 9728 | 9780 | +52 |
| 4 | मै0 शर्मा ब्रर्दस, टुटु, शिमला | 83358/ 05.11.13 | 645681 | 124 खण्ड–2 | 33432 | 33452 | +30 |
| 5 | मै0 के0 बी0, शिमला | 284356/ 06.11.13 | 284356 | 127 खण्ड–2 | 16659 | 16657 | –2 |
| 6 | मै0 प्रताप सिंह सुनील कुमार | 684620/ 07.11.13 | 684620 | 128 खण्ड–2 | 13341 | 13342 | +1 |
| 7 | मै0 निशान्त फ्रूट कम्पनी, ढली | 83391/ 25.11.13 | 840137 | 136 खण्ड–2 | 10605 | 10650 | +45 |
| 8 | मै0 रावल दास जैसी राम | 269984/ 22.11.13 | 662396 | 135 खण्ड–2 | . | 51783 | +51783 |
| 9 | मै0 हेम राज एण्ड सन्स | 97013/ 09.12.13 | 603714 | 142 खण्ड–2 | 2354 | 2359 | +5 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | मै0 फ्रैश एण्ड हैल्दी ईन्टरर्पाईजिज, कोटखाई | 269714 / 16.01.14 | 115734 | 152 खण्ड–2 | 32929 | 32927 | –2 |
| 11 | मै0 देश राज सुर्दशन कुमार | 83539 / 10.03.14 | 004675 | 162 खण्ड–2 | 9043 | 9038 | +5 |
| **व्यय** | | | | | | | |
| 12 | मै0 हिमालय कम्पयूटर सर्विस | . | 705170 | 187 खण्ड–1 | 7370 | 7330 | –40 |
| **वास्तविक राशि से अधिक ईन्द्राज की गई राशि का कुल योग** | | | | | | **₹51921** | |
| **वास्तविक राशि से कम ईन्द्राज की गई राशि का कुल योग** | | | | | | **₹1074** | |

अतः अनियमितता से सम्बन्धित यह प्रकरण मण्डी समिति के उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ नियमानुसार कार्यवाही करने के उददेशय से लाया जाता है।

**(घ) रोकड़ बहीं में आय की ₹17412 तथा व्यय की ₹66753 का दो बार ईन्द्राज करना**

मण्डी समिति के वर्ष 2013–14 के आय व व्यय से सम्बन्धित अभिलेख, रोकड वही व बैंक खातों के मिलान करने पर पाया गया कि मण्डी समिति द्वारा निम्नविवरणानुसार विभिन्न तिथियों को आय व व्यय से सम्बन्धित राशियों का रोकड वही में अलग–अलग पृष्ठों पर दो बार ईन्द्राज किया गया है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस प्रकरण में भी अपेक्षित कार्रवाई अम्ल में ला कर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| क्र0 सं0 | व्यक्ति एवम फर्म का नाम जिस से आय प्राप्त हुई है। | आय की प्रकृति | रसीद संख्या / दिनॉक | चैक संख्या | रोकड वही पृष्ठ संख्या जहॉ–जहॉ प्रविष्टियॉ की गई | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मै0 मिन्टू दी हटटी, शिमला | फार्म का मूल्य | 83565 / 24.03.14 | . | 165 खण्ड–2 एवम 169 खण्ड–2 | 120 |
| 2 | मै0 दुर्गा उपभोक्ता, शोघी | मण्डी शुल्क | 83566 / 24.03.14 | . | 165 खण्ड–2 एवम 169 खण्ड–2 | 326 |
| 3 | मै0 चिरन्जी लाल गोकुल चन्द | मण्डी शुल्क | 83567 / 24.03.14 | 902942 | 165 खण्ड–2 एवम 169 खण्ड–2 | 10875 |
| 4 | मै0 चिरन्जी लाल गोकुल चन्द | लाईसैन्स शुल्क | 83568 / 24.03.14 | . | 165 खण्ड–2 एवम 169 खण्ड–2 | 110 |
| 5 | मै0 राजेश सैनी | मण्डी शुल्क | 83569 / 24.03.14 | . | 165 खण्ड–2 एवम 169 खण्ड–2 | 163 |
| 6 | मै0 दुर्गा उपभोक्ता, शोघी | लाईसैन्स शुल्क | 83570 / 24.03.14 | . | 165 खण्ड–2 एवम 169 खण्ड–2 | 110 |
| 7 | मै0 संजय ब्रर्दस | मण्डी शुल्क | 83571 / | 292704 | 165 खण्ड–2 एवम | 5708 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 24.03.14 | | 169 खण्ड–2 | |
| | | | | | **कुल योग** | **17412** |
| 1 | श्री जगदीश ठाकुर | वेतन | 455 / 01.01.14 | 613930 | 148 खण्ड–2 | 22462 |
| 2 | श्री जगदीश ठाकुर | वेतन | 632 / 31.03.14 | 708100 | 166 खण्ड–2 एवम 175 खण्ड–2 | 24683 |
| 3 | श्रीमति सुनीता ठाकुर | वेतन | 632 / 31.03.14 | 708100 | 166 खण्ड–2 एवम 175 खण्ड–2 | 18948 |
| 4 | दी मैनेजर एल0 आई0 सी0 | समूहिक बीमा योजना | 635 / 31.03.14 | 708101 | 166 खण्ड–2 एवम 175 खण्ड–2 | 66 |
| | | | | | **कुल योग** | **66753** |

**(ड.)** इस के अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि मण्डी समिति द्वारा हि0 प्र0 वितिय नियम 1971 (खण्ड–1) के नियम 2.2 के प्रावधानानुसार न तो प्रत्येक माह के अन्त में रोकड शेष निकाले गए हैं और न ही इन्हें मण्डी समिति के किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा इन्हें सत्यापित किया गया है। इस के अतिरिक्त उक्त नियम के प्रावधानानुसार वॉछित शेषों का प्रमाण पत्र भी रोकड वही में अंकित नहीं किया गया है और न ही इसे हस्तरक्षरित किया गया है। ऐसी अवस्था में आय–व्यय की प्रविष्टियों के सन्दर्भ में त्रुटियों की सम्भावनाएं होना स्वभाविक ही हैं। अतः यह प्रकरण मण्डी समिति के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ नियमानुसार कार्रवाई करने के उददेशय से लाया जाता है।

**22 बैंक खाता संख्या 12087 व खाता संख्या 558 में क्रेडिट की गई ₹6,40,740 के चैकों / नकदी की पुष्टि न होना**

मण्डी समिति के पंजाब नैशनल बैंक व हि0 प्र0 राज्य सहकारी बैंक सीमित, ढली के खाता संख्या 12087 व खाता संख्या 558 की बैंक विवरणियों की जॉच करने पर पाया गया कि इन बैंकों ने विभिन्न तिथियों को निम्न चैकों / नकदी को क्रेडिट किया गया दर्शाया गया है, किन्तु इन चैकों / नकदी के सन्दर्भ में न तो सम्बन्धित रोकड वही में कोई प्रविशिट की गई है तथा न ही अंकेक्षण को इस से सम्बन्धित कोई अभिलेख उपलब्ध करवाया गया। इन चैकों / नकदी का विवरण इस प्रकार से हैः–

| क0 सं0 | बैंक का नाम व खाता संख्या | चैक संख्या | तिथि | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब नैशनल बैंक, ठियोग 12087 | . | 20.11.13 | 37043 |
| 2 | पंजाब नैशनल बैंक, ठियोग 12087 | 327184 | 14.12.13 | 5685 |
| 3 | पंजाब नैशनल बैंक , ठियोग 12087 | . | 15.03.14 | 1667 |
| 4 | पंजाब नैशनल बैंक, ठियोग 12087 | . | 31.03.14 | 110 |
| 5 | हि0 प्र0 राज्य बैंक, ढली, 558 | 110197 | 09.09.13 | 2200 |
| 6 | हि0 प्र0 राज्य बैंक, ढली, 558 | 22608 | 07.10.13 | 107954 |
| 7 | हि0 प्र0 राज्य बैंक, ढली, 558 | 85049 | 09.10.13 | 449736 |
| 8 | हि0 प्र0 राज्य बैंक, ढली, 558 | 154938 | 26.04.13 | 36345 |
| | | | **कुल योग** | **640740** |

अतः उपरोक्त दर्शाए गए चैक/नकदी के रूप में प्राप्त राशि किस फर्म से प्राप्त हुई तथा किस लिए प्राप्त हुई, इस से सम्बन्धित तथ्यों की छानबीन करके वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि प्राप्त की गई राशि की पुष्टि/सत्यापन किया जा सके।

**23 मण्डी समिति की उपसमिति रामपुर के विश्राम गृह के किराये की ₹1040/– की कम वसूली करने बारे**

वर्ष 2013–2014 से सम्बन्धित मण्डी समिति की उपसमिति रामपुर के विश्राम गृह के रजिस्टर की जॉच करने पर पाया गया कि कृषि विपणन बोर्ड द्वारा पत्र संख्या एच0एम0बी/आर0/95–6645 दिनॉक 09.09.2013 द्वारा विश्राम गृह के कमरों के किराए से सम्बन्धित नई संशोधित दरों को सात दिनों के भीतर लागू करने के आदेश जारी किये थे, जिस के अनुसार किराये की वसूली की जानी अपेक्षित थी, परन्तु रामपुर के विश्राम गृह में सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा कमरों का किराया पुरानी दरो पर ही वसूला गया, तथा **परिशिष्ट "ञ"** में दिए गए विवरणानुसार ₹1040 की कम वसूली की गई है। अतः **परिशिष्ट "ञ"** में दर्शाई गई राशि को उचित स्त्रोत से वसूल कर के मण्डी समिति निधि में जमा करवाना व तदानुसार कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**24 मण्डी समिति की आय से सम्बन्धित रसीद बुकों का यू0 फार्मों के रजिस्टर में ईन्द्राज न करने बारे**

मण्डी समिति के रसीद बुकस तथा यू0 फार्म के रजिस्टर के अवलोकन पर पाया गया कि मण्डी समिति द्वारा देयक संख्या 6439 दिनॉक 03.03.2009 के अर्न्तगत क्रम संख्या 50001 से क्रम संख्या 150000 तक की रसीद बुक छपवाई गई। इस की प्रविष्टि सम्बधित रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 23 पर दर्शाई गई है। इस रसीद बुकों में से क्रम संख्या 138000 तक रसीद बुको विभिन्न कर्मचारियों को उक्त रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 36 तक जारी किया गया दर्शाया गया है। इस के उपरान्त इन रसीद बुक की कोई भी प्रविश्टि क्रमानुसार नहीं की गई है, जिस के अभाव से यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि बकाया कितनी रसीदें शेष हैं। इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखनीय है कि इन बकाया रसीदों के अतिरिक्त देयक संख्या 0007444 दिनाँक 02.08.2010 के तहत 1000 रसीद बुकस छपवाई गई, जिन्हें पृष्ठ संख्या 34 पर दर्शाया गया हैं, परन्तु इन रसीद बुक के क्रम संख्या यू फार्म रजिस्टर में अंकित नहीं किए गए हैं तथा न ही इन्हें क्रमानुसार जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2013–2014 में विभिन्न नाकाचौकियों की रसीदों की जॉच करने पर यह भी पाया गया कि कुछ रसीद बुक को जारी करते समय इनका यू फार्म रजिस्टर में ईन्द्राज भी नहीं किया गया है, जोकि एक गम्भीर वितिय अनियमितता है। उपरोक्त दर्शाई गई समस्त रसीद बुकों का सम्बन्धित रजिस्टर में ईन्द्राज करने व रसीद बुक की समाप्ति के उपरान्त इन रसीद बुकों को वापिस करने पर रसीद बुकों की प्रविष्टि का पूर्ण व्यौरा सम्बन्धित रजिस्टर में दर्शाने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 174 दिनाँक

08.09.2014 द्वारा सचिव मण्डी समिति को अवगत करवाया गया था, परन्तु उनके द्वारा इस प्रकरण में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। अतः उपरोक्त प्रकरण मण्डी समिति के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ उचित कार्रवाई करने के उददेशय से लाया जाता है।

**25 हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक, ढली से ₹1,00,00,000/– को स्थानान्तरित करने पर भी एच0 डी0 एफ0 सी0 बैंक, सन्जौली द्वारा सावधि जमा बिलम्व से बनाने पर ₹17260/–की हानि का होना**

